प्रेस विज्ञप्ति

मर्चेंट्स चेम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश द्वारा साइबर सुरक्षा पर जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

कानपुर, 23 जुलाई, 2025: मर्चेंट्स चेम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश की सूचना एवं प्रौद्योगिकी समिति ने एक महत्वपूर्ण जन जागरूकता कार्यक्रम की घोषणा की है, जिसका उद्देश्य नागरिकों को साइबर सुरक्षा, डिजिटल अरेस्ट और फ्रॉड्स के व्यावहारिक पहलुओं के बारे में शिक्षित करना है। इस कार्यक्रम में प्रोफेसर संदीप के. शुक्ला, प्रोफेसर (HAG), कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग, आई.आई.टी. कानपुर और हाल ही में आई.आई.आई.टी. हैदराबाद के निदेशक नियुक्त, मुख्य वक्ता के रूप में अपने व्यावहारिक अनुभव साझा करेंगे।

यह व्याख्यान गुरुवार, 24 जुलाई, 2025 को शाम 5 बजे से 7 बजे तक सर पदमपत सिंघानिया ऑडिटोरियम, मर्चेंट्स चैंबर ऑफ उत्तर प्रदेश, सिविल लाइन्स, कानपुर में आयोजित किया जाएगा।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सूचना एवं प्रौद्योगिकी समिति के अध्यक्ष श्री अनिल के. सक्सेना, सलाहकार सीए मनु अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष श्री मुकुल टंडन, और कौंसिल सदस्य श्री सुधीन्द्र कुमार जैन ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों, विशेषकर मोबाइल और इंटरनेट उपयोगकर्ताओं को, साइबर अपराधों, ऑनलाइन धोखाधड़ी, पहचान चोरी और डिजिटल गिरफ्तारी जैसे बढ़ते खतरों के प्रति जागरूक करना है।

यह कार्यक्रम सभी नागरिकों के लिए खुला है। इसमें छात्र, शिक्षक, डॉक्टर, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, वकील, एम.सी.यू.पी. के सदस्य, उनके परिवारजन, तथा अन्य तकनीक में रुचि रखने वाले आम नागरिक भाग ले सकते हैं।

कार्यक्रम में निम्नलिखित महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा की जाएगी:

- साइबर सुरक्षा के व्यावहारिक पहलू और रोज़मर्रा के जीवन में सावधानियाँ
- ऑनलाइन फ्रॉड, बैंकिंग धोखाधड़ी और डिजिटल ट्रैकिंग की वास्तविक घटनाएँ
- पहचान चोरी, OTP फ्रॉड, और सोशल मीडिया हैकिंग से बचने के उपाय
- कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा "डिजिटल अरेस्ट" की कार्यप्रणाली और नागरिक अधिकार
- डेटा गोपनीयता और डिजिटल दुनिया में सुरक्षित व्यवहार

चेम्बर का यह सतत प्रयास है कि डिजिटल युग में आमजन को सुरक्षित रहने के लिए आवश्यक तकनीकी और कानूनी जानकारी प्रदान की जाए।

इस अवसर पर छवि जैन एवं अमित पांडे भी उपस्थित रहे।

आपसे अनुरोध है कि उक्त को अपने समाचार पत्र में प्रमुखता से प्रकाशित करें।